आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 17.11.2025 समय : 18.30 पीएम

- राज्य में बेमौसम बारिश और बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान के मुआवजे के रूप में 26 सौ करोड़ रुपये का अनुदान स्वीकृत।
- भारत और यू.के. का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'अजेय वॉरियर' का आठवां संस्करण आज से महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में शुरू।
- वी. श्रीनिवास ने आज राज्य के नए मुख्य सचिव के रूप में कार्यभार ग्रहण किया–राजस्थान की विकास दर बढ़ाने को प्राथमिकता बताया।
- सांसद खेल महोत्सव का आज से जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में शुभारंभ।

000

राज्य सरकार ने बेमौसम बारिश और बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान के मुआवजे के रूप में किसानों को 26 सौ करोड़ रुपये का आदान अनुदान देने का फैसला किया है। आपदा राहत मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने बताया कि सरकार के इस फैसले से 43 लाख से अधिक किसानों को फायदा होगा। यह राशि उन किसानों को दी जाएगी, जिनकी 33 प्रतिशत या उससे अधिक फसल खराब हुई है। इसके अलावा, सरकार ने सार्वजनिक परिसंपत्तियों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए भी 1 हजार करोड़ रुपये स अधिक की राशि मंजूर की है, जिससे सड़कें और सरकारी भवन सुधारे जाएंगे। आपदा के कारण हुई मौतों के मामलों में मृतकों के आश्रितों को भी 4–4 लाख रुपये की सहायता दी गई है।

000

उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक आज हरियाणा के फरीदाबाद में गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हो रही है। उत्तर क्षेत्रीय परिषद में राजस्थान सहित हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और चंडीगढ़ राज्य और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। बैठक में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।

बैठक के दौरान, दिल्ली लाल किला विस्फोट के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक मिनट का मौन रखा गया। बैठक में राज्य सरकारों के बीच समन्वय, जल बंटवारे के मुद्दों और विकास कार्यों पर चर्चा की गई।

000

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि जम्मू–कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों में उल्लेखनीय कमी आई है। नई दिल्ली में चाणक्य रक्षा संवाद के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारत, किसी भी प्रकार के युद्ध का जवाब देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि जो लोग आतंकवाद को बढ़ावा देंगे और उसे प्रायोजित करेंगे, उन्हें करारा जवाब दिया जाएगा।

000

सेना प्रमुख ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर तो महज एक ट्रेलर था जो 88 घंटों में खत्म हो गया। उन्होंने कहा कि भारत भविष्य में किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार है। सेना प्रमुख ने कहा कि अगर पाकिस्तान ने कोई गलत काम किया तो भारतीय सशस्त्र बल, पड़ोसी देश को सिखाएँगे कि भारत के साथ कैसे ज़िम्मेदारी से पेश आना है।

000

भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'अजेय वॉरियर' का आठवां संस्करण आज बीकानेर की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में शुरू हुआ। यह द्विवार्षिक अभ्यास तीस नवंबर तक चलेगा। इस सैन्य अभ्यास में दोनों देशों की सेनाओं के 240 सैनिक हिस्सा ले रहे हैं।

भारत की ओर से इसमें सिख रेजीमेंट के जवान शामिल हैं।कर्नल नीरज बेनीवाल ने बताया कि इसका मुख्य फोकस शहरी क्षेत्रों में आतंकवाद–रोधी अभियानों पर है। यह संयुक्त राष्ट्र जनादेश के तहत आयोजित किया जा रहा है। अभ्यास का उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच सर्वोत्तम युद्ध कौशल और अनुभवों का आदान–प्रदान करना और जटिल परिस्थितियों में साथ मिलकर काम करने की क्षमता बढ़ाना है।

000

प्रदेश में स्टार्टअप्स कार्यक्रम के तहत सात हज़ार एक सौ से अधिक स्टार्टअप्स को सहायता दी गई है। इन स्टार्टअप्स में एक हज़ार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आया है, जिससे राज्य में 42 हज़ार से ज़्यादा नए रोज़गार पैदा हुए हैं। 'आईस्टार्ट' पोर्टल अब उद्यमियों के लिए वन–स्टॉप गेटवे बन चुका है, जो उन्हें फंडिंग, ट्रेनिंग और मुफ्त इनक्यूबेशन जैसी सभी ज़रूरी सुविधाएं एक ही जगह पर उपलब्ध करा रहा है।

000

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी वी. श्रीनिवास ने आज राज्य के नए मुख्य सचिव के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। जयपुर स्थित शासन सचिवालय में करीब साढ़े तीन बजे निवर्तमान मुख्य सचिव सुधांश पंत ने उन्हें कार्यभार सौंपा। इस मौके पर प्रशासनिक तथा अन्य सेवा के कई अधिकारी मौजूद रहे। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्रीनिवास ने कहा कि प्रदेश की विकास दर को बढ़ावा देना तथा विकसित राजस्थान 2047 के संकल्प को धरातल पर उतरना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान के कई नवाचारों को केन्द्र सरकार ने भी अपनाया है। जिन क्षेत्रों में प्रदेश का प्रदर्शन कमजोर है उन्हें भी सुधारने के लिए प्रयास किया जाएगा।

000

इसके बाद सचिवालय में आयोजित हुए कार्यक्रम में निवर्तमान मुख्य सचिव सुधांश पंत को विदाई दी गई।

000

अजमेर में ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह के पुनर्विकास कार्यों के संबंध में आज जयपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के सचिव, डॉ. चन्द्रशेखर कुमार ने की। बैठक में अल्पसंख्यक मामलात विभाग के अपर मुख्य सचिव और पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में दरगाह परिसर में सुरक्षा, स्वच्छता और यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों के संसाधनों को एक साथ लाने पर ज़ोर दिया गया।

सचिव डॉ. कुमार ने प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम की परियोजनाओं और 'उम्मीद' पोर्टल पर वक्फ डेटा अपलोडिंग की प्रगति की भी व्यापक समीक्षा की।

000

सांसद खेल महोत्सव का आज जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में शुभारंभ हुआ। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उपमुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि खेल हमें फिट रखते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि जीत–हार खेल का हिस्सा है, जिससे निराश होने की बजाय और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। दिया कुमारी ने इस मंच को अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास विकसित करने का अवसर बताया। जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने इस मौके पर कहा कि इन खेलों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

000

करौली में खेलो इंडिया अभियान के तहत आज मुंशी त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम में 'अस्मिता टेनिस बॉल बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता' सम्पन्न हुई। ज़िला टेनिस बॉल क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में नौ टीमों ने भाग लिया।

000

राज्य में कई स्थानों पर ठंड का असर तेज हो गया है। बीती रात माउंट आबू में पारा जमाव बिंदु पर पहुंच गया। फतेहपुर में न्यूनतम पारा 4 दशमलव 9, सीकर में 5 दशमलव 5, नागौर में 5 दशमलव 6, लूणकरणसर में 5 दशमलव 8, करौली का 7 दशमलव 6 तथा सिरोही में रात का पारा 7 दशमलव 7 डिग्री मापा गया. ज्यादातर स्थानों पर दिन का पारा 25 से 29 डिग्री के करीब मापा गया। मौसम केंद्र जयपुर ने सीकर में अगले तीन दिन शीतलहर की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा, झुंझुनू, टोंक, कोटा ओर नागौर में आज ओर कल शीतलहर चलने के आसार हैं। उधर, ठंड बढ़ने के साथ सिरोही में पर्यटकों की आवक बढ़ गयी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इन दिनों माउंट आबू पर्यटकों से गुलजार है।

000

भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने अपने परिवार सहित एस.आई.आर फॉर्म भरकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया है। उन्होंने आज जनता से इस कार्यक्रम में सहयोग की अपील की है। पाली में भी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत फॉर्म भरने के लिए विभिन्न इलाकों में शिविर लगाये गये। श्रीगंगानगर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मंजू ने सादुलशहर विधानसभा में एसआईआर के तहत हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

000